प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

पेरिस ओलंपिक में आज झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जर्मनी की तीरंदाज को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं निशानेबाज मनु भाकर पच्चीस मीटर पिस्टल के फाइनल में पदक जीतने से चूक गईं। वे इस इवेंट में चौथे स्थान पर रहीं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की कृषि विकास दर विश्व में लगातार सबसे अधिक बनी हुई है।

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नौ सौ छत्तीस किलोमीटर लंबी आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें रायपुर–रांची राष्ट्रीय हाई स्पीड गलियारा भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने देश भर में लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार, भीड़भाड़ को कम करने और पहुंच बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।

****

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उदेश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरु की गयी मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना के लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए राज्यभर में आज से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविर लगाये जा रहे हैं। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार की ओर से प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इधर, लोहरदगा और चतरा समेत सभी जिलों में लगाए गए विशेष शिविर में आवेदन जमा करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं.।

****

चतरा जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए सभी पंचायतों में विशेष शिविर लगाया जा रहा है.

****

रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की कल हुई हत्या के विरोध में आज सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों में हिस्सा नहीं लिया। रांची जिला बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की हत्या में शामिल आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

****

जमशेदपुर के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के इको संसेटिव जोन का जोनल मास्टर प्लान एक्सएलआरआई तैयार करेगा। इसे लेकर डीएफओ सबा आलम अंसारी और एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

****

इस वर्ष 1 जुलाई से लागू तीन आपराधिक कानून को लेकर साहिबगंज जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की पहल की जा रही है।

****
देवघर जिले के पथरौल थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से चार मोबाइल, सात सिम और 40 हज़ार रुपये नगद बरामद किये गये हैं।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, हजारीबाग और रामगढ़ समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी तेज हवा और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से जनजीवन व्यापक रुप से प्रभावित हो रहा है। निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

*********समाप्त*********